पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्यों के लिये छत्तीसगढ़ को मिले 3 पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिवार नियोजन सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ को पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्यों के लिये तीन पुरस्कारों से नवाजा है।

प्रमुख बिंदु

- पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान पिछले तीन वर्षों 2019 से 2021 के बीच नसबंदी में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पंवार ने प्रदेश को इस उपलब्धि के लिये पुरस्कृत किया। परिवार नियोजन कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर एवं कंसल्टेंट डॉ. रोशन गुप्ता ने छत्तीसगढ़ की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- पुरुष नसबंदी के लिये प्रदेश को दो और श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सर्वाधिक पुरुष नसबंदी के लिये डॉ. संजय नवल को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार मिला है।
- पुरुष नसबंदी के लिये दंपति मोटिवेशन (प्रेरक) की श्रेणी में रायपुर ज़िले के तिल्दा की मितानिन केवरा वर्मा को पुरस्कृत किया गया है।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर ने बताया की पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में 3212 पुरुषों की नसबंदी की गई है। इस दौरान वर्ष 2019-20 में 1695, वर्ष 2020-21 में 168 और वर्ष 2021-22 में 1349 पुरुषों ने नसबंदी कराई है।
- नसबंदी पखवाड़ा के दौरान ग्राम स्तर से लेकर ज़िला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर लोगों में पुरुष नसबंदी के प्रति फैली भ्रांतियों व मिथकों को दूर किया जाता है। ग्राम स्तर पर 'मोर मितान मोर संगवारी'चौपाल का आयोजन कर पुरुषों को नसबंदी के लिये प्रेरित किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-got-3-awards-for-excellent-work-in-male-sterilization-fortnight